तापमान
अधिकतम 28.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि
# बालोद भूमि
रायपुर, रविवार 6 जुलाई 2025

[ बालोद | अर्जुंदा | गुंडरदेही | देवरी बंगला | डौंडीलोहारा | डौंडी | अंडा | गुरूर | दल्लीराजहरा | कलंगपुर | लाटाबोड़ ]

10 चाकू से जानलेवा हमला एक आरोपी गिरफ्तार



11 गांवों के समग्र विकास की रीढ़ हैं पंचायतें लक्ष्य बनाकर करें...



Shri Gopala Hospital
श्री गोपाला चाइल्ड एण्ड डेंटल केयर हॉस्पिटल
रत्नाबांधा, दुर्ग रोड, धमतरी
सर्वसुविधायुक्त बच्चों का अस्पताल



बच्चों के संपूर्ण टीकाकरण की सुविधा उपलब्ध



24 घंटे बच्चों के भर्ती व आपातकालीन इलाज



बच्चों के फ्रेक्चर, सर्जरी व ऑपरेशन की सुविधा
सोनोग्राफी, एक्सरे एवं सभी प्रकार के पैथालॉजी जांच सुविधा उपलब्ध

## कार्रवाई : मोहदीपाट के वैभव ट्रेडर्स में रेड, मिलावटी अल्ट्राटेक मार्का 584 बैग सीमेंट जब्त

# सीमेंट में फ्लाई एस की मिलावट आरोपी धाक न्यायिक हिरासत में

हरिभूमि न्यूज ⏭ बालोद/अर्जुन्दा

अल्ट्राटेक कंपनी के सीमेंट मे फ्लाई एस मिलावट कर बेचने वाले के विरूद्ध अर्जुन्दा पुलिस कार्यवाही की। आरोपी के कब्जे से बड़ी मात्र मे अल्ट्राटेक कंपनी का मार्का इस्तेमाल कर पैकिंग किया हुआ 584 बैग मिलावटी सीमेंट और सीमेंट मिलावट करने का प्लास्टिक टब, पाइप, लोहे का एंगल जब्त किया गया। अरोपी विजय चंद्र थाक, कंपनी मेसर्स अल्ट्राटेक सीमेंट लिमिद्ध कंपनी के नाम का मार्का लगाकर बेचता था मिलावटी सीमेंट आरोपी को गिरफ्तार कर ज्युडिशियल रिमाण्ड पर भेजा गया।

■ कंपनी के फील्ड ऑफिसर ने मिलावटी सीमेंट की पुष्टि की

प्रार्थी बजार लेन, कलकत्ता, थाना बुरतोल्ला जिला उत्तर कलकत्ता पश्चिम बंगाल निवासी विशाल मंडल पिता सत्यनारायण मंडल 01 अनाद बाबू जो मेसर्स अल्ट्राटेक सीमेंट लिमिटेड कंपनी के सामनों की देख रेख करना व जांच पड़ताल करने फिल्ड ऑफिसर के पद पर कार्यरत है, ने 04 जुलाई को थाना अर्जुन्दा मे सूचना दिया की ग्राम मोहदीपाट थाना अर्जुन्दा में स्थित वैभव ट्रेडर्स के संचालक विजय चन्द्र धाक के द्वारा अपनी फ्लाई एस ब्रिक्स कंपनी गब्दी मे अल्ट्राटेक कंपनी का मार्का लगाकर मिलावटी सीमेंट बनाता तथा बेचता है।

गठित टीम के द्वारा गवाहों एवं प्रार्थी को साथ लेकर ग्राम मोहदीपाट स्थित वैभव ट्रेडर्स में रेड कार्यवाही किया गया, दुकान में 25 बैग अल्ट्राटेक कंपनी का सीमेंट मिला, जिसे कंपनी के फिल्ड ऑफिसर विशाल मंडल के द्वारा मिलावटी होना पुष्टि किया गया, जिस संबंध मे ट्रेडर्स के संचालक विजय चन्द्र धाक से पुछताछ किया गया जो संतोषप्रद जवाब नहीं दे पाया। विजय चन्द्र धाक को साथ लेकर ग्राम गब्दी स्थित उनके फ्लाई एस ईंट बनाने की धाक नामक कंपनी मे रेड कार्यवाही किया गया, जहां पर बड़ी मात्र में फ्लाई एश, अल्ट्राटेक कंपनी का मार्का इस्तेमाल कर पैकिंग किया गया, सीमेंट बैंग, सीमेंट में फ्लाई एश मिलाने का मशीन तथा अल्ट्राटेक कंपनी लिखा हुआ खाली बैग बरामद किया गया। आरोपी मोंहदीपाठ के विरूद्ध थाना अर्जुन्दा निवासी विजय चन्द्र धाक पिता खेदुराम धाक 62 वर्श को धारा 318(4) बी.एन.एस., 63,65 कापी राइट एक्ट पंजीबद्ध कर ज्युडिशियल रिमाण्ड पर भेजा गया।





**अल्ट्राटेक कंपनी लिखा हुआ खाली बैग बरामद**

टीम के द्वारा गवाहों एवं प्रार्थी को साथ लेकर ग्राम मोहदीपाट स्थित वैभव ट्रेडर्स में रेड कार्यवाही किया गया, दुकान में 25 बैग अल्ट्राटेक कंपनी का सीमेंट मिला, जिसे कंपनी के फिल्ड ऑफिसर विशाल मंडल के द्वारा मिलावटी होना पुष्टि किया गया, जिस संबंध मे ट्रेडर्स के संचालक विजय चन्द्र धाक से पुछताछ किया गया जो संतोषप्रद जवाब नहीं दे पाया। विजय चन्द्र धाक को साथ लेकर ग्राम गब्दी स्थित उनके फ्लाई एस ईंट बनाने की धाक नामक कंपनी मे रेड कार्यवाही किया गया, जहां पर बड़ी मात्र में फ्लाई एश, अल्ट्राटेक कंपनी का मार्का इस्तेमाल कर पैकिंग किया गया, सीमेंट बैंग, सीमेंट में फ्लाई एश मिलाने का मशीन तथा अल्ट्राटेक कंपनी लिखा हुआ खाली बैग बरामद किया गया।

# नशे में वाहन चलाने पर कोर्ट ने 63 हजार का जुर्माना लगाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ बालोद

शराब के नशे मे वाहन चला रहे व्यक्ति द्वारा थाना परिसर के सामने मुख्य मार्ग मे चल रहे वाहन चेकिंग से बचने वाहन नही रोकना वाहन चालक को भारी पड़ गया जिसका पीछा कर पुलिस ने वाहन चालक को पकड़ा जहां पड़ताल के दौरान वाहन चालक नशे मे मिला, जिसके बाद न्यायालय ने उक्त वाहन चालक के खिलाफ 63 हजार का जुर्माना लगाया है।



गुण्डरदेही पुलिस द्वारा थाना परिसर के सामने वाहन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा था इस दौरान मार्ग से आने जाने वाले वाहन चालको की चेकिंग व दोपहिया वाहन चालको को हेलमेट लगाकर वाहन चलाने की समझाईस पुलिस द्वारा दी जा रही थी लेकिन इस वाहन चेकिंग अभियान के दौरान एक पीकप वाहन चालक को पुलिस ने वाहन चेकिंग के लिए रोकने का प्रयास किया। लेकिन पिकअप वाहन चालक द्वारा पुलिस के वाहन चेकिंग अभियान व पुलिस वालो के वाहन किनारे करने के इसारे को दरकिनार करते हुए वाहन तेजगति से आगे वहां से निकालने का प्रयास किया जिसके बाद पुलिस द्वारा कहने पर भी वाहन चालक द्वारा वाहन नही रोकने पर पुलिस ने उक्त वाहन का पिछा किया तथा उसे ओवरटेक कर ग्राम मुंदेरा के पास उक्त वाहन को रोककर वाहन न रोकने का कारण पूछा गया। जिसमे व्यक्ति नशे के हालात मे वाहन चालन करना पुलिस द्वारा पाया गया जिसके बाद उक्त वाहन व चालक को पुलिस थाने लेकर आई जहां गुण्डरदेही न्यायालय द्वारा उक्त वाहन चालक के खिलाफ 63 हजार का जुर्माना लगाया गया।

## खबर संक्षेप

### मालगाड़ी की चपेट में आने से युवक की मौत



**बालोद।** 12वीं कक्षा की पढ़ाई के बाद कॉलेज जाने व आगे की पढ़ाई मे लगा युवक कम्प्यूटर क्लास जाते समय सुबह मालगाड़ी के चपेट मे आने से उसकी मौत हो गई। गुण्डरदेही के पूर्व भाजपा पार्शद के बेटे खुमेश निशाद 19 वर्ष सुबह कोचिंग के लिए घर से सायकल के माध्यम से निकला था लेकिन रास्ते मे चैनगंज रेल फाटक के पास मालगाड़ी के चपेट मे आ गया। जिसके बाद मालगाड़ी के लोको पायलट ने स्टेशन मास्टर को सूचना दी इसके बाद जीआरपी और गुण्डरदेही पुलिस मौके पर पहुंची, जहां रेल्वे ट्रैक पर उसकी लाश मिली। पुलिस ने पंचनामा कार्यवाही के बाद शव को पोस्टमार्डम कर परिजनो को सौप दिया था। युवक पूर्व भाजपा पार्शद टीकाराम निशाद का बेटा था। युवक 12वीं की पढ़ाई पूरी करने के बाद कम्प्यूटर कोर्स कर रहा था। रोज की तरह सुबह वह कोचिंग के लिए निकला था लेकिन अचानक यह हादसा हो गया हादसा कैसे हुई पुलिस इसकी जांच कर रही है।

### शराब पीने से मना करने पर पत्नी से मारपीट, मामला दर्ज

**गुरूर।** मिस्त्री काम करके देर रात घर आए पति को पत्नी द्वारा शराब पीने से मना करने पर पति ने पत्नी की पिटाई कर दी, जिसके बाद पत्नी ने अपने पति के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। मिली जानकारी के अनुसार ग्राम पलारी में मिस्त्री काम करने के बाद पति शराब पीकर घर पहुंचा जिसके बाद पत्नी द्वारा पति को शराब पीने से मना किया गया। जिस पर पति द्वारा पत्नी से गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी दी गई तथा पति द्वारा पत्नी के गला को दबाने व सिर के बाल को पकड़कर हाथ मुक्का, लात से मारपीट किया गया। पति द्वारा पत्नी से मारपीट करने से पत्नी के चेहरे, कोहनी, कमर मे चोट आई है। जिसके बाद महिला की रिपोर्ट पर पुलिस द्वारा पति के खिलाफ धारा 115(2), 296, 351(3) के तहत रिपोर्ट दर्ज की गई है।

### बहू ने ससुर से की मारपीट, केस दर्ज

**गुरूर।** रात को खाना खाने के बाद बेटे बहु के बीच बंद कमरे मे चल रहे विवाद को शांत कराने गए ससुर की बहु ने पिटाई कर दी। जिससे ससुर को गंभीर चोटे आई जिसके बाद बहु के खिलाफ उसके ससुर ने रिपोर्ट दर्ज कराई है। मिली जानकारी के अनुसार पुरूर में रात का खाना खाने के बाद पति पत्नी के बीच बंद कमरे मे विवाद चल रहा था। जो विवाद इतना बढ़ा की आवाज कमरे से बाहर आ रहा था। जिसे लड़के के पिता ने सुना तथा इस विवाद को शांत करने के लिए वे अपने बेटे बहु के कमरे में विवाद शांत कराने पहुंच गए। जहां गुस्साए बहु ने मामला शांत कराने आए अपने ही ससुर के साथ मारपीट कर दी जिससे बुजुर्ग को गंभीर चोटे आ गई। जिसके बाद बुजुर्ग द्वारा अपनी बहु के खिलाफ थाने मे धारा 115 (2), 296, 351(3) रिपोर्ट दर्ज कराया गया है।

# बगईकोंह शाला में किया बाल कैबिनेट का गठन




हरिभूमि न्यूज ⏭ डौंडीलोहारा

शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला बगईकोन्हा में नए सत्र के लिए बाल कैबिनेट का गठन किया गया जिसमें निष्पक्ष चुनाव पद्धति द्वारा प्रधानमंत्री, उप-प्रधानमंत्री तथा बाल कैबिनेट के अन्य मंत्रियों का चुनाव किया गया। इस वोटिंग पद्धति में बहुमत प्राप्त करने वाले उम्मीदवार कक्षा आठवीं के छात्र जयप्रकाश को प्रधानमंत्री तथा कक्षा सातवीं की छात्रा तनु तारम को उप प्रधानमंत्री घोषित किया गया। इसके साथ ही शिक्षा मंत्री श्रद्धा उइके, अनुशासन मंत्री मोनिका, खेल मंत्री कुनाल, वित्तमंत्री पुष्पांजलि, स्वास्थ्य मंत्री वेदिका एवं दिव्या, महिला एवं बाल विकास मंत्री राखी, सांस्कृतिक मंत्री खुशी साहू तथा निशा उइके, खाद्य मंत्री रूपेंद्र कुमार, बागवानी मंत्री साक्षी, सुरक्षा मंत्री कुलेश्वर तथा उद्योग मंत्री जितेश कुमार को चुना गया। इसी प्रकार सभी कक्षाओं के कक्षा नायक एवं उप कक्षा ⏭ शेष पेज 10 पर

## कबीरघाट में गुरु पूर्णिमा पर सात्विक यज्ञ 10 को

**बालोद।** सद्गुरू श्री कबीरघाट धर्मानुरागी समिति द्वारा गुरू पूर्णिमा महोत्सव एवं सात्विक यज्ञ चौका आरती कार्यक्रम का आयोजन 10 जुलाई को कबीरघाट मोहलाई मे सुबह 10 बजे से किया गया है। जिसमे लेखचंद साहेब अपनी संत मंडली के साथ पहुंचेगे। जिसमे गुरू पूर्णिमा महापर्व का संपूर्ण सहयोग समिति के संरक्षक डॉ प्रकाश देवांगन, पद्मनी देवांगन व कविता देवांगन, दीक्षा देवांगन, महंत सजनूदास साहेब, महंत गिरधारी साहेब का सहयोग रहेगा। जिसमे समिति के संरक्षक सुरेश साहू, हीराराम साहू, टोमन लाल साहू, अध्यक्ष युवराज साहू, उपाध्यक्ष धरमदास साहू, सचिव पवन कुमार साहू, कोशाध्यक्ष लोकशरण साहू, सहसचिव निरंजन साहू, तुके"वर साहू, उद्घोशक केशुराम साहू, सलाहकार वीपी वर्मा, भजन लाल साहू व सदस्य लल्लूराम साहू, यशवंत साहू, रिखी साहू, नारायण साहू, ई"वर लाल साहू, शिशुपाल साहू, मकसुदन साहू, दाने"वर साहू, डिले"वर साहू, कमलदास साहू, संतोश साहू, नीलकंठ साहू, गिरधर साहू, वामन साहू, केवल साहू, चन्द्रेश साहू, मनोहर साहू, कृतदास साहू, ताम्रध्वज साहू, डॉ कुले"वर साहू, मनबोध साहू, नुवाराम साहू, रवि साहू, फकीरा साहू, गुलाब वर्मा, नरबद वर्मा, सोमन निशाद, चम्पा लाल, निर्णय दास, महिला सदस्य लुमन साहू, कलिन साहू, पोमिन साहू, फगनी साहू, पद्यमनी देवांगन, योगिता साहू, लीला साहू, बिसाहिन साहू तथा अन्य सदस्य उपस्थित रहेंगे।



# जगन्नाथ स्वामी की वापसी पर कपिलेश्वर मंदिर से बाजे गाजे के साथ निकाली शोभायात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बालोद

भगवान श्री जगन्नाथ, बलभद्र और देवी सुभद्रा 9 दिनों तक महामाया मंदिर जो भगवान की मौसी का घर माना जाता है में विश्राम करने के उपरांत शनिवार को अपने निवास कपिलेश्वर मंदिर में भव्य शोभायात्र के साथ लौटे। इस पावन बहुदा यात्र में श्रद्धालुओं का उत्साह देखते ही बनता था। गाजे–बाजे और भक्ति संगीत के साथ रथयात्रा प्रारंभ हुई, जिसमें बड़ी संख्या में भक्तगण शामिल हुए। चारों ओर हरि नाम संकीर्तन और जय श्री जगन्नाथ के जयकारे गूंजते रहे।

■ भगवान की यह यात्रा अध्यात्म और ज्योतिष की दृष्टि से महत्वपूर्ण माना जाता है

भगवान श्री जगन्नाथ की बहुदा यात्रा का धार्मिक, आध्यात्मिक और ज्योतिषीय दृष्टिकोण से विशेष महत्व है। मान्यता है कि इस यात्र में भाग लेने से श्रद्धालु को सुख, सौभाग्य और मोक्ष की प्राप्ति होती है। जन्म–मरण के बंधन से मुक्ति पाने के लिए यह यात्र अत्यंत पुण्यकारी मानी जाती है। बहुदा का शाब्दिक अर्थ है वापसी रथयात्र के दिन भगवान जगन्नाथ जी अपनी मौसी के घर जाते हैं और नौ दिन ⏭ शेष पेज 10 पर





## क्रांतिकारी सुखदेव राज की पुण्यतिथि पर श्रद्धा सुमन अर्पित की एवं उनका यशोगान किया

# क्रांतिकारी सुखदेव ने कुष्ठ रोगियों की सेवा की और मिसाल बने

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंडा

दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम अंडा में, भारतीय राज्य पेंशनर महासंघ एवं ग्राम पंचायत अंडा के संयुक्त तत्वावधान में महान क्रांतिकारी श्री सुखदेव राज जी की 52वीं पुण्यतिथि के अवसर पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया जिसमें दुर्ग सांसद श्री विजय बघेल दुर्ग ग्रामीण विधायक व राज्य ग्रामीण एवं अन्य पिछड़ा वर्ग क्षेत्र विकास प्राधिकरण उपाध्यक्ष ललित चंद्राकर समाधि स्थल (आश्रम) पहुँचकर श्रद्धा सुमन अर्पित किया एवं उनके महान योगदान को स्मरण करते हुए श्रद्धांजलि दी। साथ ही पेंशनर समाज व गांव के वरिष्ठ नागरिक जनों ने श्रद्धांजलि अर्पित कर उनको याद किया इस अवसर पर दुर्ग सांसद विजय बघेल ने सुखदेव राज जी को पुष्पांजलि अर्पित किया और उनके द्वारा किए गए देश के लिए कार्यों को याद करते हुए कहा आज हम ऐसी शख्सियत के पुण्यतिथि मना रहे हैं जो देश के आजादी में अपना सर्वस्व नौवछावर किया, ।

■ सांसद विजय बघेल व विधायक ललित चंद्राकर ने आश्रम पहुंचकर सुखेदव राज श्रद्धा सुमन अर्पित की

आगे श्री बघेल ने उनके स्मरण को याद दिलाते हुए कहा सुखदेव राज चंद्रेखर के परम मित्र थे और पार्क में बैठे थे अंग्रेजो द्वारा पार्क घेराबंदी कर रहे थे। चंद्रशेखर आजाद ने सुखदेव राज को पार्क से निकल जाने के लिए कहा। सुखदेव राज किसी तरह वहां से बच निकले पर अंग्रेज पुलिस के साथ मुठभेड़ में आजाद शहीद हो गए।

**अंडा आकर कुष्ठ रोगियों की सेवा की–** बताते हैं कि 1931 से 1963 तक सूखदेव राज पूरे देश में घूमते रहे। बाद में वे विनोबा भावे के संपर्क में आए तथा कुष्ठ रोगियों की सेवा करने लगे। विनोबा के कहने पर वे दुर्ग आए और जीवन के अंतिम समय में अंडा आकर कुष्ठ रोगियों की सेवा की उनका संपूर्ण जीवन मानव के लिए समर्पित ⏭ शेष पेज 10 पर





# जेएलएम के छात्रों ने नाटक में पौधारोपण का संदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुण्डरदेही

जेएलएम इंग्लिश मीडियम स्कूल गुण्डरदेही के बच्चों द्वारा एक पेड़ मां के नाम के तहत रेस्ट हाउस के सामने दाऊ ढाल सिंह परिसर में पौधारोपण किया गया। जहां बच्चों द्वारा बनाए गए पेंटिंग्स जो पेड़ लगाने पेड़ बचाने के लिए बनाए गए थे वो आकर्षण का केंद्र रहा। बच्चों द्वारा पेड़ लगाने हेतु प्रेरित करने के लिए बहुत ही सुंदर नाटक प्रस्तुत किया। जिसे देख कर वहां उपस्थित सभी अतिथि भाव विभोर हो गए। साथ ही सबको पेड़ लगाने के लिए संकल्प दिलाया गया।



कार्यक्रम में नगर पंचायत अध्यक्ष प्रमोद जैन, जनपद अध्यक्ष पुरुषोत्तम चंद्राकर, एसडीएम प्रतिमा ठाकरे, नगर पंचायत सीएमओ किरण पटेल, श्रीकांत वर्मा, भावेश जैन, प्रियेश जैन, जेएलएम स्कूल की प्रिंसिपल सभी शिक्षकगण और बच्चे शामिल हुए। जैन ने बताया 18 जुलाई को पूरे बालोद जिले में एक साथ महा पौधारोपण अभियान चलाया जाएगा, जिसके तहत नगर पंचायत गुण्डरदेही में भी 10 जगह स्थल चिन्हांकित किया गया है, जिसमे दो हजार पौधे लगाए जाएगे।

# मेयर व इंजीनियरों में ठनी, अभियंताओं ने कहा-उनके वार्ड में नहीं करेंगे काम

## तीन इंजीनियरों को बदले जाने के बाद सभी में नाराजगी, स्वच्छता प्रभारी के खिलाफ भी जताया आक्रोश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

रिसाली निगम महापौर शशि सिन्हा और स्वच्छता प्रभारी संजू नेताम के वार्डों में इंजीनियरों के बदले जाने को लेकर बवाल हो गया है। पूरे 40 वार्डों में से केवल दो ही वार्डों में इस तरह के हालात होने से न केवल इंजीनियर बल्कि निगम प्रशासन की भी मुश्किलें बढ़ गई है। दोनों की वार्ड में तीन इंजीनियर बदले गए हैं। वह भी महापौर शशि सिन्हा और स्वच्छता प्रभारी संजू नेताम के वार्ड में। इससे नाराज इंजीनियरों ने निगम आयुक्त मोनिका वर्मा को यह लिखित शिकायत में कहा है कि हम महापौर व स्वच्छता प्रभारी के वार्ड में काम नहीं करेंगे।

### पहले इंजीनियरों को हटाने मेयर ने ही लिखा आयुक्त को पत्र

रिसाली निगम की महापौर शशि सिन्हा का वार्ड क्रमांक 9 है। इसी तरह स्वच्छता प्रभारी संजू नेताम का वार्ड 7 है। सबसे पहले इंजीनयर गोपाल सिन्हा को यहां काम पर आयुक्त मोनिका वर्मा ने लगाया। उसके बाद डिगेश्वरी चंद्राकर इंजीनियर की ड्यूटी लगाई गई। डिगेश्वरी के मेटरनिटी लीव पर चले जाने के बाद रेवतीरमन को इंजीनियरिंग का दायित्व मिला। डिगेश्वरी के आने के बाद फिर से उन्हे वार्ड की जिम्मेदारी दी गई। इन तीनों इंजीनियरों को हटाने महापौर शशि सिन्हो ने निगम आयुक्त को पत्र लिखा।




### आरोप बेबुनियाद

"वार्ड में किसी भी इंजीनियर की ड्यूटी लगाने के पहले वार्ड पार्षद के संज्ञान में जरूर लाना चाहिए। जिन इंजीनियरों को बदलने आयुक्त को कहा गया है वे लंबी छुट्टी पर थी। बिल ज्यादा बनाने का दबाव हमने कभी नहीं बनाया। ये आरोप बेबुनियाद और तर्कहीन है।

**संजू नेताम,** स्वच्छता प्रभारी नगर निगम रिसाली

### बदल दिए हैं

"कामकाज की वजह से इंजीनियरों को बदलने हमने आयुक्त मैडम को लिखित में कहा था। संबंधित इंजीनियर को मैडम ने बदल दिया है। विवाद की कोई बात नहीं है।

**शशि सिन्हा,** महापौर नगर निगम रिसाली

### काम नहीं करने दिया पत्र

"सभी इंजीनियरों ने महापौर व स्वच्छता प्रभारी के वार्ड में काम नहीं करने के लिए पत्र दिया है। मैंने वजह पूछी तो कहा कि कई वजह है। फिलहाल नए सिरे से कार्य विभाजन करूंगी।

**मोनिका वर्मा,** आयुक्त नगर निगम रिसाली

### अभियंताओं का अपमान

"केवल दो ही वार्ड में ऐसा क्यों हो रहा है कि इंजीनियरों को बदलने के लिए आयुक्त को लिखित शिकायत की जा रही है। लगातार ऐसा होने से इंजीनियर अपमान महसूस करने लगे। इसलिए आयुक्त को पत्र देना पड़ा।

**गोपाल सिन्हा,** बीएमएस यूनियन पदाधिकारी

### एमआईसी में गहमागहमी

हाल ही में एमआईसी की बैठक हुई। बैठक में इंजीनयर डिगेश्वरी चंद्राकर को नहीं हटाने पर महापौर और स्वच्छता प्रभारी ने निगम आयुक्त मोनिका वर्मा से जवाब-तलब किया। इस बीच काफी गहमा-गहमी का माहौल निर्मित हो गया। आयुक्त का कहना था कि आप इंजीनियरों को हटाने लिखित पत्र दिया है उसमें कारण का उल्लेख नहीं है। बिना कारण के कैसे हटा दें।

## खबर संक्षेप



### उठाईगीरी करने वाले 3 पकड़ाए, 16 मोबाइल जब्त

**भिलाई।** भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा के दौरान भीड़ का फायदा उठाकर मोबाइल की उठाईगीरी करने वाले गिरोह का पुलिस ने भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। उनके पास से 16 नग मोबाइल जब्त किया गया है। पुलिस ने बताया कि 3 जुलाई को मुखबिर से सूचना मिली कि एक महिला सिविक सेंटर भिलाई में अपने पास मोबाइल रखकर बिक्री करने हेतु ग्राहक की तलाश कर रही है। सूचना पर तत्काल पुलिस टीम सिविक सेंटर पहुंची। घेराबंदी कर महिला को पकड़ा। महिला ने अपना नाम इमला निवासी कैम्प 01 छावनी निवासी बताया। उसने बताया कि 27 जून को जगन्नाथ रथ यात्रा में भीड़ का फायदा उठाकर अपने साथियों बिल्लु नौशाद, सुनील उर्फ रोहित व अन्य के साथ मिलकर मोबाइल चोरी की। जब्त मोबाइल की कीमत 4,55,000 आंकी गई है। आरोपियों को कोर्ट में पेश किया गया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया। बहरहाल जिन लोगों ने मोबाइल चोरी की शिकायत की, उनके बारे में पतासाजी की जा रही है। कानूनी प्रक्रिया के बाद उन्हें मोबाइल लौटाया जाएगा।

### भिलाई में सहवासी संघ का गठन

**भिलाई।** भिलाई सूर्या विहार खम्हरिया 493 यूनिट में सहवासी संघ का गठन किया गया है। भिलाई शहर के नागरिकों को नगर निगम भिलाई जो सुविधाएं प्रदान करती है। उसमें रहवासी संघ अपनी सहभागिता निभाएगी। रहवासी संघ के गठन का उददेश्य है कि परिसर क्षेत्र में विद्युत, जल, सिवरेज की निकासी, साफ-सफाई, सुरक्षा एवं अन्य आवश्यक मूलभूत सुविधाओं की समुचित व्यवस्था करना। नगर निगम द्वारा जल प्रदाय, जलकर का निर्धारण, डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण, भूमिगत बिछाये गये सिवरेज लाईन एवं प्रकाश व्यवस्था बनाकर देगा। उसके पश्चात गठित संघ रहवासियों एवं सोसायटी के सदस्यों को निगम के बनाये नियम तथा कार्य प्रणाली के अनुरूप कार्य करायेगा। साथ सोसायटी के जलकर को एकत्रित कर निगम कोष में जमा कराना सुनिश्चित करेगा।

## सैकड़ों पदोन्नति से वंचित, मात्र 3 प्रतिशत मिलता है इंक्रीमेंट

# बीएसपी में सैकड़ों कर्मचारी प्रमोशन पॉलिसी की विसंगति का खामियाजा भुगतने मजबूर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

सेल की सबसे बड़ी यूनिट भिलाई इस्पात संयंत्र में कर्मचारियों को प्रमोशन पालिसी में विसंगतियों का खामियाजा भुगतना पड़ रहा है। पालिसी में अब तक सुधार नहीं होने से अनेक कर्मचारी पदोन्नति के लाभ से वंचित हो रहे हैं। सैकड़ों कर्मी प्रमोशन के बिना वंचित हो गए। यूनियनों ने प्रबंधन से पालिसी मे विसंगतियों को जल्द दूर किए जाने की मांग की है। इससे सभी कर्मियों को पदोन्नति का फायदा मिल सकेगा।

सभी एनजेसीएस यूनियनों के साथ लोकल यूनियनों द्वारा पिछले कई साल से बीएसपी में प्रमोशन पालिसी में सुधार की मांग की जा रही है लेकिन अब तक कार्रवाई शिफर है। इसकी कीमत सैकड़ों बीएसपी कर्मियों को चुकानी पड़ रही है। यूनियनों के मुताबिक बीएसपी के सी क्लस्टर में सभी कर्मियों को प्रमोशन नहीं मिल पा रहा है। वजह अब तक न तो पद बढ़ाए गए हैं और न ही स्केल में ही वृद्धि की गई है। लगातार मांग के बाद भी लोकल प्रबंधन उदासीन है। उल्लेखनीय है कि बीएसपी में पदोन्नति के लिए सेक्शन (अनुभाग) स्तर पर पद निर्धारित हैं। हर विभाग में वरीयत के अनुसार प्रमोशन दिए जाने का नियम है। लेकिन पद रिक्त नहीं होने से ऊपर के ग्रेड में प्रमोशन के लिए कड़ी स्पर्धा होने से कई कर्मी पदो से वंचित हैं। यूनियनों की मांग के अनुरुप अब तक पद नहीं बढ़ाए गए हैं। प्रमोशन नहीं मिलने पर हर 4 साल में कर्मियों को अपग्रेडेशन होता है। यानी ग्रेड के स्केल के मुताबिक एक इंक्रीमेंट मिलता है। लेकिन इंक्रीमेंट में भी उन्हें नुकसान हो रहा है। यूनियनों के मुताबिक इंक्रीमेंट के अंतिम छोर का मात्र 3 प्रतिशत ही मिलता है। पूरे बेसिक का लाभ कर्मियों को नहीं मिलता। यानी उन्हें प्रमोशन व कम इंक्रीमेंट दोहरा नुकसान हो रहा है।

### यूनियनों ने कहा- सभी के लाभ के लिए डी क्लस्टर में बढ़ाएं पद



### ऊपरी ग्रेड में नुकसान

बीएसपी मे एस 1 से एस- 11 ग्रेड पर कर्मी कार्यरत हैं। लेकिन क्लस्ट प्रमोशन कैटगरी में भी विसंगति को दूर नहीं किया गया है। जो कर्मचारी एस -11 ग्रेड में आ गए हैं, उन्हें रिटायर होते तक प्रमोशन का लाभ नहीं मिलता है। इसकी वजह एस- 11 के ऊपर कोई ग्रेड नहीं है। एचएमएस के अध्यक्ष प्रमोद कुमार मिश्रा बताते हैं कि ऐसे सैकड़ों कर्मी हैं, जो एस-11 ग्रेड में 5 से 15 साल तक काम कर रहे हैं जो बिना प्रमोशन के सेवानिवृत्त हो जाएंगे। यूनियनें स्टेग्नेशन आफ प्रमोशन के विसंगति को दूर किए जाने की मांग कर रही हैं। ऊपर के ग्रेड में व्हेकेंसी बढ़ाने की जरुरत है।

### डी क्लस्टर में बढ़ाएं पद

कर्मियों की लंबे समय की मांग पर 2021 में इंटक द्वारा बीएसपी प्रबंधन से लोकल एग्रीमेंट किया था। इसके तहत केंद्र सरकार की गाइड लाइन अनुसार रोस्टर सिस्टम के तहत एससीएसटी प्रत्याशी नहीं होने पर किसी को भी प्रमोशन नहीं मिलने पर डी रिजर्वेशन कराना पड़ता था। फिर एक्सपांशन यूनिटों में भी प्रमोशन पालिसी नहीं होने से कर्मी प्रमोशन से वंचित थे। एग्रीमेंट में पद की स्वीकृति की बाध्यता को हटाकर एस-8 तक सीधे प्रमोशन देने की सहमति बनी थी। इंटक महासचिव वीबी सिंह बताते हैं कि शीर्ष पद डी क्लस्टर को जूनियन इंजीनियर पदनाम देकर डी क्लस्टर तक जाने कुल मेन पावर का 18 प्रतिशत पद सुनिश्चित किए गए। लेकिन बावजूद इसके एस 9,10 व 11 ग्रेड में पद कम होने से कई कर्मी प्रमोशन से वंचित हैं। यूनियनें विसंगति दूर कर पद बढ़ाने की मांग कर रही हैं।

### विसंगति से सैकड़ों प्रभावित

"बीएसपी में पदोन्नति नीति में विसंगति होने से ऊपर के ग्रेड में सैकड़ों कर्मियों को प्रमोशन से वंचित होना पड़ रहा है। अपग्रेडेशन में भी पूरे बेसिक के अंतिम छोर का मात्र 3 प्रतिशत इंक्रीमेंट ही दिया जा रहा है। प्रबंधन से पालिसी में विसंगति दूर किए जाने की मांग की जा रही है।

**पीके मिश्रा,** महासचिव एचएमएस

### डी क्लस्टर में कम हैं पद

"यूनियन द्वारा एक्रीमेंट कर रोस्टर सिस्टम में विसंगतियों को दूर करने का प्रयास किया गया। एबीसी क्लस्टर तक प्रमोशन व्यवस्था को दुरुस्त कर लिया गया है। डी क्लस्टर में विसंगति है। प्रबंधन से चर्चा पद बढ़ाने की मांग की जा रही है, ताकि सभी कर्मियों को प्रमोशन का लाभ मिल सके।

**वीबी सिंह,** महासचिव स्टील इम्पलाइज यूनियन इंटक

# चाकू से जानलेवा हमला एक आरोपी गिरफ्तार



**दल्लीराजहरा।** घटना दिनांक 04 जुलाईकी है प्रार्थी सचिन राजपूत अपने मित्र मनीष पिल्लई के साथ वार्ड क्रमांक 2 में अपने रिश्तेदार प्रमोद उइके से मिलने जा रहे थे। इस दौरान रास्ते में आरोपी कार्तिक नेताम उर्फ कौआ ने रास्ता रोककर दोनों से गाली-गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर आरोपी ने आपा खोते हुए प्रार्थी सचिन पर चाकू से जानलेवा हमला किया।

गर्दन झुकाने से सचिन की जान बच गई, लेकिन उसके ओठ व कोहनी पर गंभीर चोट आई। बीच-बचाव करने पर मनीष को भी पेट में चाकू मारकर घायल कर दिया गया। घटना की सूचना पर तत्काल मामला दर्ज कर पुलिस जांच में जुटी। पुलिस अधीक्षक योगेश पटेल के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मोनिका ठाकुर के मार्गदर्शन, नगर पुलिस अधीक्षक डॉ. चित्रा वर्मा व थाना प्रभारी निरीक्षक रवि शंकर पांडेय के नेतृत्व में टीम गठित कर चंद घंटों में ही आरोपी कार्तिक नेताम उर्फ कौआ (उम्र 20 वर्ष, निवासी वार्ड क्रमांक 5, राजहरा) को गिरफ्तार कर लिया गया। पूछताछ में आरोपी ने अपराध स्वीकार किया, जिसके बाद उसके कब्जे से लोहे का चाकू बरामद किया गया। कार्तिक उर्फ कौआ एक आदतन अपराधी है, जिसके विरुद्ध पूर्व में भी थाना राजहरा में कई गंभीर आपराधिक प्रकरण दर्ज हैं। गिरफ्तारी में विशेष भूमिका निभाने वाले अधिकारी निरीक्षक रवि शंकर पांडेय, सहायक उप निरीक्षक कांता धीरेंद्र, आरक्षक छन्नू बंजारे, योगेन्द्र सिन्हा, खिलावन सिन्हा, झाम सिंह कोमरे, दीपक यादव एवं सुरेंद्र देशमुख।

# फार्म हाउस में काम करने वाले श्रमिक की हत्या, आरोपी की तलाश में पुलिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

फार्म हाउस में काम करने वाले श्रमिक की हत्या कर उसे अधमरा छोड़कर फरार होने का मामला सामने आया है। राहगीरों ने घटना की सूचना डयल112 को मिलने पर उतई पुलिस भी मौके पर पहुंची। गंभीर रुप से घायल को उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया गया। जहां उसने दम तोड दिया। सीएसपी सत्य प्रकाश तिवारी ने बताया कि डुंडेरा मोरिद सड़क पर राज कुमार यादव नामक युवक अधमरा पड़ा हुआ था।

# नाबालिग से शादी का झांसा देकर किया अनाचार, आरोपी गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

शादी का झांसा देकर नाबालिग के साथ अनाचार करने वाले युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। जामुल पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। सीएसपी हरिश पाटिल ने बताया कि वर्ष 2021 में ही अपहता बालिका को पुलिस ने दिल्ली बरामद किया था। अपहता से पूछताछ करने पर बताई कि आरोपी भवानीपुर वार्ड नं. 4 माथा हरपुर जिला-सीतामढी (बिहार) व हाल ही में ब्लॉक एफ-622 बवाना जेजे कालोनी थाना नरेला औद्योगिक क्षेत्र दिल्ली निवासी मो. साहिल ने नाबालिग को शादी का झांसा दिया था। उसे बहला फुसलाकर दिल्ली ले जाकर अनाचार करता रहा। आरोपी मो. साहिल की तलाश में पुलिस जुटी रही। आरोपी मो. साहिल को जामुल में घेराबंदी कर गिरफ्तार किया। आरोपी से पूछताछ करने पर घटना को अंजाम देना स्वीकार किया। कार्रवाई में जामुल टीआई राजेश मिश्रा समेत उनकी टीम का योगदान रहा है।

# टाउनशिप में व्यर्थ नहीं बहेगा बारिश का पानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

भिलाई इस्पात संयंत्र के नगर सेवाएं विभाग द्वारा जल संकट की संभावनाओं को ध्यान में रखते हुए वर्षा जल संचयन (रेन वाटर हार्वेस्टिंग) की दिशा में एक वैज्ञानिक व योजनाबद्ध पहल जा रही है। यह पर्यावरणीय संरक्षण को नया आयाम देने का प्रयास है। इसके तहत सेक्टर-6 स्थित टेनिस कॉम्प्लेक्स में एक नवीन रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम का उद्घाटन किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि पवन कुमार थे। सीजीएम संदीप माथुर व सीजीएम उत्पल दत्ता विशिष्ट अतिथि थे। इस प्रणाली की स्थापना जीएम विष्णु पाठक, सहायक महाप्रबंधक सरोज झा, निखिलेश मिश्रा, कमरुदीन व उप प्रबंधक संजीव सारस्वत, और उनकी टीम के परिश्रम का परिणाम है। इस अवसर पर पौधरोपण भी किया गया। मुख्य अतिथि ने कहा कि ऐसे प्रयासों के माध्यम से ही हम आने वाली पीढ़ियों के लिए प्राकृतिक संसाधनों की रक्षा एवं संचय कर सकते हैं।इस अवसर पर जीएम शिखा दुबे, केके यादव, एबी निवास, आरके साहू तथा प्रशांत तिवारी तथा उप महाप्रबंधक डीसी सिंह, आर गर्ग, राजेन्द्र प्रसाद, एमके साहू, उप प्रबंधक श्री डेनिस क्रिस्टी उपस्थित थे।

- सेक्टर 6 के टेनिस काम्पलेक्स में नया रेन वाटर हार्वेस्टिंग उद्घाटित



### परिसर में किया पौधारोपण

टीएसडी ने किया डिजाइनभिलाई की औसत वार्षिक वर्षा (1188 मिमी), छतों के बहाव गुणांक (0.85), और अधिकतम वर्षा समयावधि (20 मिनट में 25 मिमी) जैसे तकनीकी तथ्यों के आधार पर टीएसडी द्वारा इस प्रणाली का डिजाइन किया गया है। सभी स्थलों पर फिल्ट्रेशन चैंबर, तलछट टैंक और परकोलेशन पिट्स की संरचना तैयार की गई है, जिनके माध्यम से एकत्र जल या तो पुनः उपयोग के लिए संग्रहित किया जाता है या भूजल पुनर्भरण के लिए ज़मीन में प्रवाहित किया जाता है। इस परियोजना के तहत इएमएमएस सेक्टर-6 में प्रतिवर्ष लगभग 5600 क्यूबिक मीटर, सीनियर सेकेंडरी स्कूल सेक्टर-10 में 3807 क्यूबिक मीटर, लॉन टेनिस कोर्ट में 2605 क्यूबिक मीटर और ज़ोनल कार्यालय सेक्टर-4 में 1570 क्यूबिक मीटर वर्षा जल का संचयन किया जा रहा है। जल संरक्षण के इस पहल ने न केवल जलापूर्ति प्रणाली पर बोझ को कम किया है।

## पेज 9 के शेष...

### बगईकोंह शाला में...

नायक का मनोनयन किया गया, जिसमें छठवीं में कक्षा नायक काव्य भौसार्य, उप कक्षानायक सुमन उइके, सातवीं में कक्षा नायक हीना, उप कक्षा नायक संदीप तथा आठवीं में कक्षा नायक गीतांजलि को मनोनीत किया गया। शिक्षक वासुदेव पटेल ने सभी पदाधिकारियों को विद्यालय के प्रति निष्ठा एवं विद्यालयीन नियमों के पालन की शपथ दिलाई। प्रधान पाठक टेमनलाल राणा ने बताया कि शाला में इस प्रकार की गतिविधि से बच्चों को चुनाव प्रणाली में प्रत्यक्ष शामिल होने का अवसर मिलता है। कैबिनेट गठन की प्रक्रिया शिक्षक मनीष देशमुख एवं शिक्षिका निशा साहू के कुशल मार्गदर्शन में संपन्न हुई। इस अवसर पर शाला के प्रधान पाठक टेमनलाल राणा शिक्षक गण वासुदेव पटेल, मनीष देशमुख, निशा साहू तथा विद्यालय के समस्त छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

### जगन्नाथ स्वामी की...

वहाँ विश्राम करने के पश्चात पुनः अपने निवास लौटते हैं। यह परंपरा सदियों से चली आ रही है और प्रत्येक वर्ष श्रद्धालुओं की आस्था और संख्या दोनों में वृद्धि होती है। इस दिव्य यात्र में मंदिर समिति के सदस्यगण, स्थानीय नागरिक, श्रद्धालु और सेवकगण भावपूर्वक सम्मिलित हुए। भगवान श्री जगन्नाथ जी को प्रेम और श्रद्धा से उनके निवास स्थान तक पहुँचाया गया।

### क्रांतिकारी सुखदेव ने...

रहा ऐसे महापुरुषों की समाधि स्थल आकर मैं अपने आप को धन्यमहसूस करता हूं। और आप सभी को आस्वस्थ करता हूं आने वाले समय में आप सब के सम्मिलित प्रयास से समाधि स्थल नए रूप में दिखेंगे। इस अवसर पर दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर ने कहा आज हम सब महान क्रांतिवीर चंद्रशेखर आजाद के परम मित्र सुखदेव राज को याद कर रहे हैं जिन्होंने अपना संपूर्ण जीवन मानव सेवा के लिए लगाए देश के आजादी में चंद्रशेखर आजाद भगत सिंह राजगुरु सुखदेव,भगवती चरण वोहरा, यतीन्द्र दास के साथ सुखदेव राज जी भी ने देश को आजादी दिलाने में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया विनोबा भावे जी के संपर्क में आने के बाद अपने जीवन के अंतिम क्षणों मे मेरे विधानसभा क्षेत्र के अंडा ग्राम में रहकर कुष्ठ रोगियों की सेवा में लगा दिए। और 5 जुलाई 1973 को दुर्ग में अंतिम सांस ली।

**क्रांति जीवन पर एक पुस्तक ज्योति जगी भी लिखी-** उन्होंने अपने क्रांति जीवन पर एक पुस्तक भी ज्योति जगी लिखी थी। यह पुस्तक नागपुर से प्रकाशित हुई थी। जिसमें सुखदेव राज के समग्र जीवन का उल्लेख है। इस अवसर पर कवि श्री गुलवीर सिंह भाटिया ने सुखेदव राज के साथ बिताए दिनों को साझा किया दुर्ग में उन्हीं के पास बैठा करता था पेंशन समाज अध्यक्ष बी के वर्मा ने सुखेदव राज जी के जीवनी पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर वरिष्ठ साहित्यकार एवं कवि श्री गुलवीर सिंह भाटिया, पेंशन समाज अध्यक्ष बी. के. वर्मा, वीरेन्द्र नामदेव, प्राचार्य जामुलकर, महेश शर्मा, ग्राम अंडा के सरपंच दिग्विजय सिन्हा, जनपद सदस्य अजीत चंद्राकर, उपसरपंच यशवंत बंजारे, दिनेश्वर चंद्राकर, जयराम चंद्राकर, सांसद प्रतिनिधि मनोज चंद्राकर, शाला विकास समिति अध्यक्ष राकेश चंद्राकर, लोकेश देवांगन, जीतू सिन्हा, प्रदेश महामंत्री पेंशनर महासंघ अनिल गुलहाने, प्रदेश सचिव टी. पी. सिंह, बी. एल. राजपाल, राजेश तिवारी, श्री एच. एस. वर्मा तथा शाला परिवार के सदस्य एवं अनेक वरिष्ठजन ससम्मान उपस्थित रहे।

## आयुक्त राजीव पांडेय ने स्थल का किया निरीक्षण, अधिकारियों से ली जानकारी

# ट्रैफिक पार्क फिर पढ़ाएगा यातायात नियमों का पाठ, 1.49 करोड़ का बना प्लान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

सिविक सेंटर स्थित ट्रैफिक पार्क एक बार फिर नए कलेवर में नजर आएगा। नगर निगम भिलाई नए सिरे से उसका सौंदर्यीकरण करेगा। इसके लिए 1.49 करोड़ की कार्ययोजना तैयार की गई है। शुक्रवार को भिलाई निगम आयुक्त राजीव पांडेय ने स्थल का निरीक्षण किया।

मौके पर जोन आयुक्त कुलदीप गुप्ता मौजूद थे। बता दें कि ट्रैफिक पार्क पूरी तरह से खंडहर हो चुका है। असामाजिक तत्वों का केन्द्र बना हुआ है। इसे लेकर लगातार शिकायत की जा रही थी। इसके बाद निगम ने इसका सौंदर्यीकरण कराए जाने का निर्णय लिया। फिलहाल ट्रैफिक रूल, सिग्नल रोड, ब्रेकर, जेबरा क्रॉसिंग, बस स्टॉप से




जानकारियां ट्रैफिक पार्क में उपलब्ध हैं। ताकि सैर सपाटे के लिए आने वाले लोग यातायात नियमों को बेहतर तरीके से समझ सकें। रखरखाव के अभाव में यह पूरी तरह कंडम हो चुका है। अब नए सिरे से सुधार की कवायद शुरू की गई है।

अधिकारियों ने बताया कि ट्रैफिक पार्क के बाहरी दीवारों पर न्यूरल आर्ट से ट्रैफिक के संबंध में नागरिकों को जागरूक करने संदेश दिया गया है। इसमें हरियाली का खासकर ध्यान रखा गया है। एक छोटा सा ओवरब्रिज का निर्माण किया गया है, जिसमें बच्चे आसानी से चढ़ सकते है। यह सभी युवा वर्ग के आकर्षण का केन्द्र होने के साथ भिलाई वासियों के लिए बहुत बड़ी सौगात रहेगा। कलरफुल फाउंटेन जो प्रवेश द्वार के पास बना हुआ है, जो बहुत ही सुंदर एवं रंगीन है। आयुक्त ने अधिकारियों को जल्द ही कार्य पूर्ण कराने निर्देशित किए। जिससे पार्क का उदघाटन समय रहते पूरा किया जा सके।

### हुडको में मंगल भवन बनेगा

आयुक्त पाण्डेय ने हुड़को निर्माणाधीन मंगल भवन का अवलोकन किया। मंगल भवन का निर्माण 2.99 करोड़ की लागत से किया जा रहा है। भवन में 29 रूम, बड़ा हाल, किचन, शौचालय, बिजली, पानी के साथ दुल्हा-दुल्हन के लिए सेप्रेट रूम और पार्किंग की सुविधा दी गई है, जिसमें 2 शादी एक साथ की जा सकती है। इसका संचालन नगर निगम भिलाई द्वारा किया जाएगा, भवन निर्माण कार्य पूर्णतः पर है। निरीक्षण के दौरान कार्यपालन अभियंता अनिल सिंह, सहायक अभियंता दीपक देवांगन आदि उपस्थित रहे।

**खबर संक्षेप**



## देवशयनी एकादशी पर मंदिरों में उमड़ा आस्था का सैलाब

**दल्लीराजहरा।** दल्लीराजहरा नगर सहित आसपास के क्षेत्रों में देवशयनी एकादशी का पावन पर्व पूरे धार्मिक उल्लास और श्रद्धा के साथ मनाया गया। इस अवसर पर स्थानीय मंदिरों में सुबह से ही श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। विशेष रूप से महिलाओं की सहभागिता उल्लेखनीय रही, जो व्रत रखकर पूजा-अर्चना में लीन रहीं। पूरे वातावरण में धार्मिक संगीत और भजन की ध्वनि गूंजती रही, जिससे क्षेत्र का माहौल भक्तिमय बन गया। मंदिरों को आकर्षक ढंग से सजाया गया था और श्रद्धालुओं ने भगवान विष्णु के चतुर्मास में शयन में जाने की परंपरा के अनुरूप विशेष पूजा संपन्न की।
स्थानीय धार्मिक समितियों द्वारा भजन-कीर्तन और प्रसाद वितरण का भी आयोजन किया गया, जिसमें सभी आयु वर्ग के लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।
देवशयनी एकादशी का यह पर्व समाज में अध्यात्म, संयम और श्रद्धा के भाव को जाग्रत करने का संदेश लेकर आता है। इस मौके पर नगर में सुख-शांति और समृद्धि की कामना की गई।

## ओरमा में साफ-सफाई कर किया पौधारोपण



**बालोद।** ग्राम पंचायत ओरमा के सभा कक्ष में सरपंच मंजूलता साहू ने महिला समूह एवं स्वच्छता दीदीयो के साथ सक्रिय महिला बिहान समूह के महिलाओं के एक साथ संयुक्त बैठक लेकर पौधारोपण, साफ–सफाई एवं महिला समूह व रोजगार के विषय में विस्तार पूर्वक चर्चा की। जिसमें महिलाओं ने अपना खुलकर बात रखी, सरपंच मंजूलता साहू एवं उपसरपंच रामचंद्र यादव, पंचायत सचिव संतोष साहू एवं पंच फ़गिनी निषाद, सुदामा साहू, डोमार कुंभकार इस संयुक्त बैठक में शामिल हुए।

## धान संग्रहण केन्द्रों में सड़क मरम्मत कार्य प्रारंभ

**दुर्ग।** जिले के धान संग्रहण केन्द्र सेलूद और अरसनारा अंतर्गत सड़क मरम्मत का कार्य प्रारंभ हो गया है। संग्रहण केन्द्र के सड़कों में गड्ढे मलबे और मुरूम से भरे जा रहे हैं। जिससे अब धान परिवहन व्यवस्था सुगम हो जाएगी। धान से लोडेड ट्रक अब फंसेंगे नहीं, जिससे धान परिवहन में तेजी आएगी। वहीं संग्रहण केन्द्रों से धान का उठाव भी तेज गति से होगी। ज्ञात हो कि विगत दिवस कलेक्टर अभिजीत सिंह ने धान संग्रहण केन्द्रों का निरीक्षण कर सड़कों के गड्ढे मलबों एवं मुरूम से भरने के निर्देश दिये थे। अरसनारा संग्रहण केन्द्र में नगर पालिका अहिवारा एवं जामुल से वहीं सेलूद संग्रहण केन्द्र में भिलाई-3 चरौदा निगम से मलबे लाये जा रहे हैं। संग्रहण केन्द्र में ट्रकों के आवाजाही के लिए गड्ढों में मलबे एवं मुरूम डालकर मार्ग मरम्मत किया जा रहा है।

### मैंने स्वयं पंच के रूप में राजनीति में किया प्रवेश और संघर्षों से मुख्यमंत्री तक का सफर तय किया

# गांवों के समग्र विकास की रीढ़ हैं पंचायतें लक्ष्य बनाकर करें कार्य : मुख्यमंत्री साय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दल्लीराजहरा

नवनिर्वाचित जिला पंचायत अध्यक्षों और उपाध्यक्षों के तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम की शुरुआत रायपुर के निमोरा स्थित ठाकुर प्यारेलाल राज्य पंचायत एवं ग्रामीण विकास संस्थान में हुई। इस अवसर पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि पंचायती राज संस्थाएं ग्रामीण विकास की रीढ़ की हड्डी हैं। उन्होंने प्रतिनिधियों को अपनी जिम्मेदारी को अवसर के रूप में लेने और दृढ़ इच्छाशक्ति के साथ काम करने का संदेश दिया। मुख्यमंत्री ने अपने राजनीतिक जीवन के अनुभव साझा करते हुए कहा कि वे स्वयं पंच के रूप में राजनीति में आए और संघर्षों से होते हुए मुख्यमंत्री तक का सफर तय किया। उन्होंने बताया कि संसाधनों से अधिक इच्छाशक्ति और जनसेवा की भावना सफलता की कुंजी है। उन्होंने ओडिशा के डॉ. अच्युत सामंत और नानाजी देशमुख के कार्यों को प्रेरणास्त्रोत बताया।

उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ के पास प्राकृतिक संपदा और मेहनतकश किसान हैं, लेकिन नक्सलवाद विकास में बड़ी बाधा रहा है। सरकार की नीति के तहत आत्मसमर्पण कर रहे नक्सलियों के पुनर्वास के लिए ठोस योजना बनाई गई है। उन्होंने बस्तर के मुलेर ग्राम का उदाहरण देते हुए बताया कि किस तरह एक पंचायत बनाकर वहां के लोगों की सालों पुरानी समस्या का समाधान हुआ। मुख्यमंत्री ने प्रतिनिधियों से अपील की कि वे अपने क्षेत्रों में नियमित दौरे और निरीक्षण करें। विकास कार्यों की गुणवत्ता से समझौता न करें और प्रशासनिक दक्षता से कार्य करें।





### गांवों को आत्मनिर्भर बनाएंगे : शर्मा

कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि पंचायती राज से जुड़े कानूनी प्रावधानों और ग्राम विकास की संभावनाओं को गंभीरता से समझें। उन्होंने कहा कि केवल निर्माण कार्य ही नहीं, आर्थिक गतिविधियों जैसे दुग्ध उत्पादन पर भी जोर दें जिससे गांव आत्मनिर्भर बन सकें। इस अवसर पर पंचायत उपबंध मार्गदर्शिका, पेसा गाइडलाइन, पंचमन पत्रिका और अन्य पठन सामग्री का विमोचन किया गया। साथ ही, संस्थान परिसर में मौलश्री पौधे का रोपण भी किया गया। कार्यक्रम में पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग की प्रमुख सचिव निहारिका बारीक सिंह, सचिव भीम सिंह, संचालक प्रियंका ऋषि महोबिया एवं संस्थान के निदेशक पी. सी. मिश्रा भी मौजूद रहे।

## खाद और बीज उपलब्ध नहीं होने पर किसानों का प्रदर्शन



- छग प्रगतिशील किसान संगठन का पटेल चौक में

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

खेती किसानी के बीच खाद व बीज नही मिलने से आक्रोशित किसानों ने बुधवार को पटेल चौक में जमकर प्रदर्शन किया। पिछले एक महीने से समितियों में मांग की तुलना में खाद का आधा भंडारण ही होने के कारण कृषि कार्य छोड़कर समितियों का चक्कर काट रहे हैं, धान की बोनी करने के लिए डीएपी खाद और बाद में यूरिया खाद जरूरी है, समितियों में खाद समय पर उपलब्ध नहीं होने क कारण किसान बाजार से अधिक दाम में खरीदने के लिए मजबूरी है।

किसानों ने कहा कि निजी दुकानदार द्वारा नाजायज़ फायदा उठाया जा रहा है, धड़ल्ले से अमानक खाद की बिक्री हो रही है, समितियों में उच्च गुणवत्ता के धान के बीज भी उपलब्ध नहीं है। बड़ी संख्या में किसान रोपा पद्धति से खेती करते हैं सिंचाई पंप वाले किसान थरहा डालते हैं। जिनमें पानी की जरूरत होती है, लेकिन जब किसानों को जरूरी है। बिजली आपूर्ति में बड़ी बाधा आ रही है। अधिकतर ट्रांसफार्मर में क्षमता से अधिक भार है, ट्रांसफार्मर जल जाते हैं। ऐसे में किसान बिजली कटौती से परेशान है। किसानों ने सरकार पर आरोप लगाया है कि, वह धान खरीदी से छुटकारा पाना चाहती है इसलिए खाद, बीज और बिजली का जानबूझकर के कृत्रिम संकट पैदा किया गया है ताकि किसान पूरी क्षमता से धान की बोनी न करें। किसान पटेल चौक में इकट्ठा हुए और रैली निकाल कर नारेबाजी करते हुए कलेक्टर कार्यालय पहुंचे और मुख्यमंत्री ने नाम डिप्टी कलेक्टर पिस्दा को ज्ञापन सौंपा।

## सरपंच संघ के अध्यक्ष पद पर लेखराम साहू निर्वाचित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुण्डरदेही

जनपद पंचायत गुण्डरदेही के सरपंच संघ के अध्यक्ष का चुनाव जनपद सभागार में शनिवार को संपन्न हुआ, जिसमें सरपंच संघ अध्यक्ष के लिए दो प्रत्याशी मैदान में थे, जिसमें लेखराम साहू भोथीपार को 71 मत मिला एवं प्रमोद पटेल पांगरी को 39 मत में संतुष्ट करना पड़ा। उपाध्यक्ष अनिल सोनी, जीतेश्वरी ठाकुर, सचिव सरपंच बेलौदी कुमुदनी साहू, कोषाध्यक्ष सरपंच बरबसपुर भैनू राम साहू, सचिव सरपंच डुंडेरा थालेश्वर साहू, सह सचिव सरपंच कुथरेल पेमिन साहू, सरपंच गोडेला वागीश बंजारे, मीडिया प्रभारी सरपंच तवेरा शैलेन्द्र निषाद, सदस्य गण सरपंच परसदा सत्यवती साहू, सरपंच राहुद कुलेश्वरी साहू, सरपंच सलोनी राजेश्वरी पड़ौती, सरपंच किलेपार दिलेश्वर साहू, सरपंच चीचा काशी राम साहू, सरपंच खुरसुनीयोगेश्वर साहू को बनाए गए है। इस अवसर पर इस अवसर जनपद अध्यक्ष पुरूषोतम लाल चंद्राकर, उपाध्यक्ष नीतीश यादव, पूर्व सरपंच संघ अध्यक्ष पूर्व सभी सरपंच एवं मंडल अध्यक्ष ओटबंद कुलदीप साहू, चुनाव प्रभारी के रूप में उपस्थित थे। सरपंच संघ अध्यक्ष बनने के बाद भाजपा मंडल कार्यालय गुण्डरदेही में उनका स्वागत किया गया। सरपंच संघ के अध्यक्ष बनने पर लेखराम साहू ने कहा कि पंचायत के समस्याओं को लेकर प्रमुखता से सदन में रखने एवं सभी के सहयोग से पंचायत के कार्यों को जनता तक पहुंचाउंगा और सभी के सुख दुख में साथ रहूंगा। इस दौरान युवराज मार्कण्डे मंडल अध्यक्ष गुण्डरदेही, सौरभ चौपड़ा, थानसिंह मंडावी, विनोद चंद्राकर, युवा मोर्चा अध्यक्ष श्रीकांत वर्मा, दिलीप कुल्हारे, पूर्व जनपद पंचायत उपाध्यक्ष हेमन्त साहू, नेम लाल यादव, सरपंच हेमन्त साहू, दिलेंद्र साहू, सनत कुमार साहू उपस्थित थे।




## कर्मा कालेज में के 46 पौधों का किया रोपण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद



भक्त माता कर्मा शासकीय कन्या महाविद्यालय बालोद में महाविद्यालय में एक पेड़ मां के नाम के अंतर्गत पौधारोपण किया गया। प्रभारी प्राचार्य कलेन्द्री रावटे ने पौधारोपण के महत्व को बतलाते हुए सभी को कम से कम एक पेड़ लगाने के लिए प्रेरित किए। कार्यक्रम संयोजक प्रो. धीवराज कुमार भोयर ने पेड़ की अंधाधुन कटाई के प्रति चिन्ता व्यक्त करते हुए कहा कि पृथ्वी पेड़ से रहित हो रही है, इस कारण पर्यावरण संतुलन बिगड़ गया है, जिसके कारण हम सबको कई तरह की गंभीर समस्याओं से जुझना पड़ रहा है। महाविद्यालय में बारह प्रजाति के कुल 46 पौधे लगाए गए। छात्रओं ने एक–एक पौधे गोद लेकर उनके संरक्षण के लिए संकल्पित हुए। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य कलेन्द्री रावटे, प्रो.तरूण कुमार, डॉ. अमित कुमार सिंह, डॉ. दीपाली, यशवंत कुमार देशमुख, रूपेन्द्र कुमार ठाकुर, धरमू राम राउत, प्रीति ठाकुर एवं समस्त छात्रएं उपस्थित थी।

## ऑपरेशन तलाश चलाकर पुलिस ने 126 गुम इंसानों को उनके परिजनों से मिलवाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

बालोद पुलिस ने ऑपरेशन तलाश चलाकर 01 माह में ही 126 गुम इंसानों को उनके परिजनों से मिलवाया। जिसमें 97 महिलाएं व 29 पुरुष हैं। जून माह में बालोद पुलिस द्वारा गुम इंसान की तलाश हेतु विशेष अभियान ऑपरेशन तलाश चलाया गया था। परिवारजनो ने गुम सदस्य के वापसी पर बालोद पुलिस को किए धन्यवाद ज्ञापित। ज्यादातर लोगों को राज्य के भीतर से और अन्य राज्यों से भी ढूंढकर लाया गया। बालोद पुलिस के समस्त थाना चौकियों द्वारा ऑपरेशन तलाश के तहत जिले के गुम हुए इंसानों का पता तलाश कर राज्य अंतर्गत एवं दीगर राज्यों से बरामद कर उनके परिवारजन को सुपुर्द किया गया। माह जून के भीतर बालोद पुलिस द्वारा लगातार सक्रिय रहकर इस तलाश ऑपरेशन के जरिए 126 लोगों को तलाश करने में बालोद पुलिस को सफलता मिली है। लंबित गुम इंसानो की तलाश हेतु बालोद पुलिस द्वारा लागतार प्रयास किया जा रहा है, और आगे भी अभियान जारी रहेगा। बालोद पुलिस द्वारा गुम इंसान के मामलों में अब तक कुल 126 लोगों को राज्य के अंदर एवं बाहर से सकुशल बरामद कर उनके परिजनों को सौंपा चुके हैं। जिसमें 97 महिलाएं हैं व 29 पुरुष हैं। गुमशुदगी के कारण में ज्यादातर मामले प्रेम प्रसंग के हैं एवं पारिवारिक विवाद तथा कुछ मामले में मानसिक रूप से बीमार व्यक्ति हैं। गुम सदस्य को वापस मिलकर परिवारजन के चेहरे पर झलकी खुशियां उनके द्वारा बालोद पुलिस को आभार व्यक्त किया गया।

## सड़कों में घूमने वाले पशुओं के गले में बांधी जा रही हैं रेडियम की पट्टियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग



- मवेशियों व लोगों को दुर्घटना से बचाने चलाया जा रहा अभियान

सड़कों में आवारा घूमने वाले पशुओं के गले में नगर निगम द्वारा अभियान चलाकर रेडियम पट्टियां बांधी जा रही है ताकि शहरी क्षेत्र में असमय होने वाली सड़क दुर्घटनाओं को रोका जा सके। नगर की सड़को में रात्रि के समय आवारा गौ वंशों की मौजूदगी बनी रहती है, जिससे दो पहिया एवं चार पहिया वाहन चालकों को अधेंरे में पशु नहीं दिखाई देते जिस कारण सड़क दुर्घटनाओं की आशंका बनी रहती है।महापौर अलका बाघमार व आयुक्त सुमित अग्रवाल के निर्देश पर अतिक्रमण अधिकारी परमेश्वर के नेतृत्व मे यह अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत निगम की अतिक्रमण की पूरी टीम द्वारा गौरव पथ मुख्य मार्ग से कातुलबोर्ड मार्गहोकर पुलगांव से राजनांदगाव गांव रोड तक पैदल मार्च करते मुख्य मार्ग पर बैठे हुए उन सभी जानवरों को हटाया गया।

साथ ही रास्ते में जितने भी आवारा जानवर मिले उनके गले में रेडियम बेल्ट बांधे गए और उनके सींगो पर रेडियम रिफ्लेक्टिव टेप लगाए गए।




**कार्यालय उन्नत बहुउदेशीय किसान उत्पादक सहकारी समिति मर्या. परसदा पं. क्र. 287**
**विकासखण्ड- गुण्डरदेही, जिला- बालोद (छ.ग.)**

**-:: संविदा भर्ती हेतु विज्ञापन ::-**

राष्ट्रीय सहकारी विकास निगम रायपुर एवं उपायुक्त एवं उप पंजीयक सहकारी संस्थाएँ बालोद के आदेशानुसार किसान उत्पादक संगठन (एफपीओ) में रिक्त पदों पर भर्ती हेतु प्रदत्त अनुमति के आधार पर निम्नलिखित पदों पर संविदा भर्ती हेतु आवेदन आमंत्रित किया जाता है।

| क्रं. | सेवा/ पद का नाम | संविदा भर्ती हेतु कुल रिक्त पद | शैक्षणिक योग्यता | वेतनमान (एकमुस्त) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | सी.ई.ओ / प्रबंधक | 1 | कृषि विपणन/ कृषि व्यवसाय प्रबंधन या समकक्ष में स्नातक पीजीडीसीए। | 25000 रूपये |
| 2 | लेखापाल | 1 | 10+2 गणित, वाणिज्य एवं डीसीए। | 10000 रूपये |

**नियुक्ति की शर्तें:-** (1) आवेदक की आयु 18 से 35 वर्ष के बीच होगी. एवं आवेदक विकास खण्ड गुण्डरदेही का स्थायी निवासी होना चाहिये। (2) अनुसूचित जाति/अनुसूचित जन जाति/अन्य पिछडा वर्ग/ महिला अभ्यर्थियों को अधिकतम आयु सीमा में छूट की पात्रता राज्य शासन के नियमों के अनुसार होगी। (3) अभ्यर्थी मानसिक तथा शारीरिक रूप में स्वस्थ हो। (4) सीधी भर्ती मेरिट सूचि के आधार पर किया जावेगा। (5) समान प्राप्तांक होने की स्थिति में अभ्यर्थी की जन्मतिथि को आधार मानकर वरीयता तय की जायेगी, जिन अभ्यर्थियों की जन्मतिथि पहले होगी उन्हें वरीयता प्रदान की जायेगी। जिन अभ्यर्थियों के अंक एवं आयु समान होने पर उनकी वरीयता हिन्दी के वर्णमाला के अनुसार निर्धारित किया जायेगा। (6) सेवाकाल प्रारंभिक रूप से 3 साल रहेगी उसके उपरांत FPO योजना के अनुरूप सेवा ली जायेगी। (7) अभ्यर्थी की पात्रता / अपात्रता के संबंध में अंतिम निर्णय लेने का अधिकार संबंधित समिति द्वारा गठित कमेटी का होगा। (8) अन्य किसी भी सेवा नियोजन में गबन का आरोपी ना हो, आर्थिक अथवा किसी अपराध के लिए कार्यवाही जारी/ पंजीकृत न हो, किसी न्यायालय से सजायाप्ता न हो। (9) अधिनियम/ नियम के प्रावधानों के अंतर्गत किसी संचालक के कुटुम्ब का सदस्य न हो। (10) नियुक्ति के पूर्व संबंधित थाने से पुलिस में आपराधिक रिकार्ड के संबंध में चरित्र सत्यापन कराना अनिवार्य होगा। (11) नियुक्ति के पूर्व संबंधित कर्मचारी से 25000 रूपये का एफ.डी.आर संबंधित शाखा के सोसायटी के पक्ष में जारी कर सोसायटी एवं कर्मचारी का संयुक्त नाम से लिया जाना अनिवार्य होगा। जिसे सोसायटी के रिकार्ड में सुरक्षित रखा जाना होगा। (12) नियुक्ति के पूर्व सोसायटी के कार्यक्षेत्र के दो भूमि स्वामी कृषकों की जमानत आवश्यक होगी। (13) एफपीओ के सदस्यों द्वारा अगर उपरोक्त मानदण्डों को पूरा किया जा रहा है, तो नियुक्ति हेतु चयन पर विचार किया जा सकता है। (14) किसी भी पद पर संविदा भर्ती/ चयन हेतु साक्षात्कार नहीं लिया जावेगा। (15) गबन/ घोटाला करने की स्थिति पर तत्काल सेवा समाप्ति की कार्यवाही की जाकर पुलिस में FIR दर्ज की जावेगी, तथा राशि वसूली हेतु वैधानिक कार्यवाही की जावेगी। (16) आवेदक द्वारा आवेदन समान्य डाक अथवा स्पीड पोष्ट के माध्यम से किया जावेगा, सीधे प्राप्त आवेदन पर विचार नहीं किया जावेगा। (17) आवेदन प्रस्तुत करने की **अंतिम तिथि 20.07.2025 शाम 5** बजे तक स्वीकार किया जायेगा। आवेदन करने का पता प्रबंधक सेवा सहकारी समिति मर्यादित परसदा (डगनिया) पं.क्र. 290 विकासखण्ड गुण्डरदेही जिला बालोद छ.ग. पिन (491221) (18) चयन सूची का प्रकाशन दिनांक **25.07.2025** दिन **शुक्रवार** को कार्यालय में **दोपहर 1 बजे** किया जायेगा।

**प्रभारी प्रबंधक/ प्राधिकृत अधिकारी**
**उन्नत बहुउदेशीय किसान उत्पादक सहकारी समिति मर्या. परसदा पं. क्र. 287**



## खबर संक्षेप



### नरसुटोला में सरस्वती शिक्षा केंद्र का शुभारंभ

**डौंडीलोहारा।** वनांचल में शिक्षा के साथ-साथ बच्चों में संस्कार की भावना को जागृत करने हेतु सरस्वती शिक्षा केंद्र खोलने का क्रम लगातार जारी है। वनांचल शिक्षा सेवा न्यास छ.ग. रायपुर जन जातीय क्षेत्र की शिक्षा के मार्ग दर्शन में शनिवार को समय दोपहर 1 बजे सरस्वती शिक्षा केंद्र नरसुटोला संकुल डौंडीलोहारा जिला बालोद के नवीन केंद्र उद्घाटन किया गया। समारोह में उपस्थित अतिथियों ने मां सरस्वती की पूजा अर्चना कर केंद्र का शुभारंभ किया। इस अवसर पर फिरंगी राम फरदीया, पूर्व ग्राम पटेल सीताराम अलकरा, हेमशंकर रावटे, खुमेश कुमार राणा, भामेश कुमार, गिरिश कुमार, संकुल समन्वयक अमीर दास कृषाणे, आचार्य चन्द्रभान राणा, भूपेंद्र कुमार रावटे सहित लगभग 30 भैया बहनों की उपस्थिति रही।

### पेंशनर समाज की बैठक 7 जुलाई को

**गुरूर।** छत्तीसगढ राज्य पेंशनर समाज तहसील ईकाई गुरुर की मासिक बैठक 7 जुलाई को दोपहर 1 बजे से शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय भवन बोहारा में रखी गई है। छत्तीसगढ राज्य पेंशनर समाज तहसील ईकाई गुरुर अध्यक्ष सेवाराम तेजस्वी ने बताया बैठक मे आय–व्यय की समीक्षा, पेंशनरों के समस्याओ का समाधान, संभावित आठवें वेतनमान पर चर्चा, नये पेंशनरों का अभिनन्दन, पेंशनर साथियों से संभावित अन्य प्रस्ताव, दिवंगत पेंशनरों को श्रद्धांजलि दी जाएगी।

### मंदिर ट्रस्ट चौरेल की बैठक आज

**लाटाबोड़।** सभी सम्मानित सदस्यों को सूचित किया जाता है कि आज समय 2 बजे मंदिर ट्रस्ट चौरेल की आवश्यक बैठक रखा गया है। जिसमें आप सभी सम्मानित सदस्यों की उपस्थिति अनिवार्य है। समिति के अध्यक्ष नितीश मोंटी यादव ने बताया की रूद्राभिषेक कार्यक्रम 2025 हेतु विचार विमर्श के साथ ही अन्य विषय अध्यक्ष एवं सदस्यों के विचार विमर्श अनुसार किया जायेगा।

### लोक कलाकार बिशाल सिंह राकेश का निधन

**गुरूर।** ग्राम सोंहपुर निवासी क्षेत्र के प्रसिद्व लोक कलाकार बिशाल सिंह



राकेश का निधन हो गया है। उनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम मे किया गया। क्षेत्र मे चार दशक तक अपने पतिभा के दम पर कलाकार बिशाल सिंह राकेश ने अपनी पृथक पहचान बनाई थी। वे विभिन्न मंचो मे अभिनायक की भूमिका निभाते हुए क्षेत्र में उन्हे बिशाल सिंह राकेश के स्थान पर उनके प्रसिद्व मंचन मे निभाए बदमाश कुंदर के किरदार के कारण बदमाश कुंदन के नाम से अधिक पहचानते थे।

---

**आयोजन : मानव जीवन के आदर्श श्री राम को भक्ति के माध्यम से ही जाना जाता है**

# आनलाइन मानस व्याख्यान परिचर्चा में ब्रम्ह तत्व और आचरण पर चर्चा की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जामगांव आर

मानस दर्शन जीवन अर्पण मानस परिक्रमा के तहत प्रथम चरण में 25 दिवसीय निःशुल्क आन लाइन मानस व्याख्यान परिचर्चा का समापन शनिवार को हुआ। विदित हो कि प्रतिदिन अलग अलग मानस टीम ने प्रसंग पर चर्चा की। जामगांव आर के शिक्षा विद छन्नूलाल साहू, संतोष कुमार साहू ने प्रसंग में सहभागिता अदा की। संचालन महेश्वरी वर्मा मार्गदर्शन संतोष कुमार साहू ने किया। कौन से पात्र का रोल प्ले कर रहे हैं अपनी बारी पर शिक्षा विद छन्नूलाल साहू ने कहा कि मानस मानस की बात अंगीकार नहीं करके अपनी मंशा खराब कर आधुनिक भोग एवं भौतिकतावादी दुनिया मे मानो सब कुछ मानवीय संवेदना एवं व्यवहार को ओझल करने लगा है।जिससे सनातन धर्म संस्कृति दर्शन, साहित्य, ग्रंथ का अध्ययन, चिंतन मनन भारतीय ग्राम्य संस्कृति से दुर होते जा रहा है। ऐसे मे छत्तीसगढ़ स्तर पर रामायण प्रेमियों के द्वारा एक मानस परिक्रमा, संकल्पना की गई है जिसे मानस दर्शन – जीवन अर्पण नाम दिया गया है। राज्य स्तरीय दिवसीय आनलाइन, नवोदित मानस व्याख्यान प्रशिक्षण कार्यशाला एवं परिचर्चा का निःशुल्क आयोजन किया गया है। इसका प्रथम चरण 11 जून से प्रारंभ हुआ है और 5 जुलाई 2025 को प्रशिक्षण का समापन हुआ।

- नवोदित मानस व्याख्यान प्रशिक्षण कार्यशाला एवं परिचर्चा का आयोजन किया

**समाज में शुचिता लाने का प्रयास-** संतोष साहू ने बताया कि मानस दर्शन, जीवन अर्पण पटल समाज मे रामचरित मानस के चिंतन मनन विश्लेषण गायन से उत्कृष्ट साहित्य के प्रति युवाओं को आकर्षित करने के लिए इच्छुक आध्यात्म प्रेमी, साहित्य प्रेमी, समाज सेवी, बौद्धिक और शैक्षिक क्षेत्र मे एक अनुपम परिवेश उपलब्ध कराने के लिए कृतसंकल्प होकर ऐसे आयोजन की निरंतरता बनाए रखने के लिए भरसक प्रयास कर रही है। मानस दर्शन, जीवन अर्पण, के युवा प्रकल्प के प्रभारी एवं मानस मर्मज्ञ, व्याख्याता हितेंद्र साहू ने बताया कि इस पटल के माध्यम से बाल्मीकि रामायण,तुलसी रामचरित मानस, और अन्य धर्म ग्रंथों के अध्ययन से नवोदित व्याख्याकारों, कलाकारों को अपनी छुपी प्रतिभा को धार देने का एक एक सुंदर अभियान हैं।

#### इन साथ मिला

मानस परिक्रमा संकल्पना के इस अभियान मे रामायण के विशेष जानकार अनुभवी लोगों का मार्गदर्शन निरंतर रहा है, जिनमें नीलकंठ ठाकुर, वेदराम साहू, चौतराम साहू, पुनेश्वर साहू, कुंभकरण सिंहा, रामकुमार साहू, रविना रावटे, संदीप ठाकुर, हिमांचल साहू, माधोराम साहू, पीराराम शर्मा,आर के प्रजापति, रोहित देशमुख, त्रेता चंद्राकर, दामिनी साहू, महाराज निषाद, सरस्वती साहू एवं पटल पर प्रतिदिन जुड़ने वाले एक सौ से अधिक मानस कारों ने उपस्थिति प्रदान किए।



#### 84 दोहा चौपाई की यात्रा

आयोजन समिति के अनुभवी, स्थापित मानस मर्मज्ञों द्वारा व्याख्यान के लिए रामचरित मानस के दोहा, चौपाई का चयन कर नवोदित मानस चिंतकों को संप्रेषित किया जाता है जिसके ऊपर 30 मिनट के निर्धारित समय पर सारगर्भित व्याख्यान प्रस्तुत किए जाते हैं। तत्पश्चात व्याख्यान पर समीक्षा की जाती है। इस तरह रामायण के 84 दोहा चौपाई पर यात्र की गई।

#### लोक कल्याण का पथ दिखाती है मानस

वक्ताओं ने अपने मानस चिंतन से भारतीय सनातन धर्म के प्रत्येक पहलू को छुते हुए आध्यात्मिक महत्व का बखान किए। मानस की दोहा सेतु बांधि कपि सेन जिमि, उतरे सागर पार पर चिंतन प्रस्तुत करते हुए मानस व्याख्याकार छन्नूलाल साहू ने सेतु की आध्यात्मिक महत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि भगवान राम, कृष्ण और भगवान महावीर स्वामी अपने आप मे सेतु थे। जिन्होंने समस्त संसार के लोगों को सिखाया कि सात्विक, दैवीय, लौकिक आचार, विचार, व्यवहार करते हुए कैसे भगवत शरणागति प्राप्त की जा सकती हैं और इन दैवीय शक्तियों ने विहार,विचरण,भ्रमण से मानवता की श्रृंखला जोड़ते हुए सामाजिक एकता, सद्भावना, समरसता का सिद्धांत प्रस्तुत कर लोककल्याण मार्ग का पथ प्रशस्त किया।

---

# गौ सुरक्षा के लिए शिवसेना का महा हस्ताक्षर अभियान जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

शिव सेना द्वारा गौ माता के सुरक्षा हेतु महा हस्ताक्षर अभियान की शुरुआत शिव सेना प्रदेश कार्यालय से शिव सेना के प्रमुख पदाधिकारी की उपस्थिति में सम्पन्न हुई, पहले चरण में एक हस्ताक्षर कराने का निर्णय लिया गया है। शिव सेना प्रदेश सचिव शंकर चौनानी बताया कि गौमाता की हत्या बंद करने, गौ तस्कर गाड़ी को राजसात करने, गौ हत्या करते पाएं जाने पर हत्या का मामला दर्ज करने, गांव गांव स्थित गौठान को गौशाला का नाम देकर घुमंतू पशुओ सुरक्षित रखने, कलेक्टर रेट पर दो गौ सेवक रखने को ले कर शिव सेना प्रदेश प्रमुख धनंजय सिंह परिहार, भारतीय कामगार सेना के प्रदेश अध्यक्ष मधुकर पांडे, किसान सेना के प्रदेश अध्यक्ष राकेश श्रीवास्तव, प्रदेश महासचिव रेशम जांगड़े, युवा सेना प्रदेश अध्यक्ष सन्नी देशमुख प्रदेश पदाधिकारी शोभा शकंर त्रिपाठी, कमल सोनी, दिनेश ताम्रकार, शिवराम केसरवानी मनीष तिवारी की विशेष उपास्थिति में शिव सेना प्रधान कार्यालय रायपुर में शिव सेना प्रदेश प्रमुख धनंजय सिंह परिहार के द्वारा महा हस्ताक्षर की शुरुआत की गई। चौनानी ने बताया की पहले चरण में दुर्ग संभाग जिला राजनांदगांव, चौकी मोहला मानपुर, खैरागढ़ छुईखदान, दुर्ग, कबीरधाम, बालोद, बेमेतरा में एक



लाख महा हस्ताक्षर अभियान का लक्ष्य रखा गया है। महा हस्ताक्षर अभियान बालोद जिले भी शुरू हो गयी है। बालोद जिले के शिवसेना के पदाधिकारी हर्ष शर्मा, चंदन सोनकर, चेतन लाल साहू, संदीप कुमार साहू, शकुन्तला देवांगन, अनिल सिंह राजपूत, डेविड सोनी, अधिवक्ता बालमुकुन्द अग्रवाल, कुमार सिंह हिरवानी गांव गांव जाकर हस्ताक्षर अभियान चला रहे है।

---

# छात्रसंघ के चुनाव में छात्राओं ने परचम लहराया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| लाटाबोड़

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बेलोदी में छात्र संघ का गठन कु. मेघा शालानायक एवं कु यामिनी बनी उपशालानायक शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बेलोदी में सत्र 2025-26 के लिए छात्र संघ का गठन किया गया जिसमें शाला के छात्राओं ने बाजी मारी शालानायक एवं उपशालानायक का चयन चुनाव प्रकिया द्वारा सम्पन्न हुआ जिसमें शालानायक हेतु चार उम्मीदवार नामांकित हुए कु मेघा 12वीं कला कुणाल कुमार 12वीं गणित डेविड कुमार 12वीं गणित दोनेश कुमार 12वीं वाणिज्य जिसमें कु मेघा कक्षा 12वीं कला ने सबसे अधिक 100 वोट प्राप्त कर शालानायक के पद पर चयनित हुई इसी प्रकार उपशालानायक के लिए 2 उम्मीदवार नामांकित हुए धर्मेन्द्र कुमार कक्षा 12वीं गणित तथा कु यामिनी कक्षा 12वीं कला जिसमें कु यामिनी कक्षा 12वीं कला ने 132 वोट प्राप्त कर उपशालानायक पद के लिए चयनित हुई इसी तरह छात्र प्रतिनिधि लकेन्द्र कुमार कक्षा 12वीं वाणिज्य छात्रा प्रतिनिधि कु लक्ष्मी 12वीं कला क्रीड़ा सचिव पुरेन्द्र कुमार 12वीं गणित स्वस्थ



- बलोदी शासकीय विद्यालय की शालानायक बनीं मेघा एवं उपशालानायक बनीं यामिनी

सचिव कु जान्हवी कक्षा 10वीं अनुशासन प्रभारी कुलेश्वर साहू 12वीं वाणिज्य सांस्कृतिक प्रभारी कु भावना मंडावी कक्षा 10 वीं बागवानी प्रभारी तुकेन्द्र कुमार 12वीं गणित कु विभा कक्षा 10वीं विज्ञानं प्रभारी कु वेदिका साहू 12वीं जीवविज्ञानं नशामुक्ति प्रभारी साहिल कुमार 12वीं कला बने साथ ही सभी कक्षाओं की कक्षानायक का चुनाव किया गया जिसमें कक्षानायक कक्षा 9वीं अ तेजप्रकाश उपकक्षानायक कु पूर्वी कक्षा 9वीं ब कक्षानायक कु हर्षिता उपकक्षानायक कारण कुमार कक्षा 10वीं कक्षानायक कु हितेश्वरी उपकक्षानायक भूवेश कुमार कक्षा 11वीं कक्षानायक कु हर्षा उपकक्षानायक सौम्य कुमार कक्षा 12वीं कक्षानायक कु यशवनी उपकक्षानायक चमन कुमार बने इसी प्रकार शाला में युवा एवं युको क्लब का गठन युको क्लब प्रभारी नरेन्द्र कुमार साहू व्याख्याता द्वारा किया गया जिसमें कु कामिनी कक्षा 12वीं कला प्रधानमंत्री कु यागिनी 12वीं जीवविज्ञान क़ानून एवं सुरक्षा मंत्री मुस्कान कुमार 11वीं जीवविज्ञान वित्तमंत्री कु हिना 12वीं गणित शिक्षामंत्री कु ख़ुशी 12वीं जीवविज्ञानं खेलमंत्री कु कसीस स्वास्थ्य एवं स्वच्छता मंत्री कु हितेश्वरी क़ृषि एवं उद्योग मंत्री सुयश कुमार 10वीं पर्यावरण मंत्री एवं सदस्य भावना साहू 12वीं कु वंदना 10वीं कु चेतना 10वीं तेजप्रकाश 9वीं तरुण कुमार 10वीं कु जान्हवी 10वीं बने l इस अवसर पर शाला के प्रभारी प्राचार्य रेणुका साहू द्वारा सभी छात्र प्रतिनिधि एवं पदाधिकारियों का ग़ुलाल लगाकर एवं गुलदस्ता भेटकर स्वागत किया तथा सभी पदाधिकारियों को अनुशासन मे रहकर अपने अपने दायित्वों का निर्वहन करते हुए शाला के विकास में सहयोग देने हेतु प्रेरित किया तत्पश्चात सभी छात्र छात्राओं को शपथ ग्रहण कराया गया इस अवसर पर नरेन्द्र कुमार साहू व्याख्याता कु ज्योति सोनी प्रीति गणवीर प्रीति मंडावी बी लहरे गीता वर्मा प्रज्ञा तिवारी कैलाश कुमार साहू ईश्वरी साहू विज्ञान सहायक प्रीति साहू कु कविता साहू एवं शाला के समस्त छात्र छात्राएं उपस्थित थे।

---

# मितानिन संघ की छह सूत्रीय मांगों को लेकर हड़ताल सात जुलाई से

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

प्रदेश स्वास्थ्य मितानीन संघ द्वारा अपनी मांगो को लेका 7 जुलाई से काम बंद कलम बंद के तहत हड़ताल पर रहेगी जिामे जिले के मितानीन हड़ताल करती दिखेगी। जिसको लेकर जिले के मितानीनों ने पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष चन्द्रप्रभा सुधाकर के साथ मिलकर अधिकारी को ज्ञापन सौपा। जिसके तहत जिले के मितानीन, मितानीन प्रशिक्षक, ब्लाक समन्वयक और हेल्प डेस्क फैसिलिटेटर कलम बंद काम बंद के तहत हड़ताल पर रहेंगे। जिससे नवजात शिशु की देखभाल, टीकाकरण, गर्भवती महिलाओ की निगरानी, कुष्ठ एवं टीबी रोगियो की दवा पहुचाने जैसे राष्ट्रीय मिशनो पर असर पड़ेगा।

प्रदेश स्वास्थ्य मितानिन संघ के आव्हान पर यह हड़ताल रायपुर के



तुता मे धरना प्रदर्शन के साथ शुरू होगी। जिसमे बालोद ईकाई के मितानीन, मितानीन प्रशिक्षक, ब्लाक समन्वयक और हेल्प डेस्क फैसिलिटेटर भी सम्मिलित होने पहुंचेंगे। मितानिनो की अनुपस्थिति मे ग्रामीण क्षेत्रे मे चिकित्साएं सेवाएं बुरी तरह प्रभावित हो सकती है। गांव की पहली स्वास्थ सहेली मितानीन ही है, जो हर घर तक सरकारी योजना की डोर जोड़ती है, ऐसे मे गर्भवती महिलाओ की निगरानी, नवजात की देखभाल, टीकाकरण अभियान और टीबी कुष्ठ के मरीजो की नियमित दवाएं रूक सकती है।

मितानीनो के 6 मांगो मे एनजीओ के माध्यम से कार्य नही करेंगे। प्रशिक्षको, समन्वयको और फैसिलिटेटरो को नियमित वेतन, मितानिनो को मिलने वाली प्रोत्साहन राशि मे वृद्वि, राज्यांश 100 प्रतिशत किया जाए, 50 प्रतिशत राशि वृद्वि का वादा पूरा किया जाए, प्रशिक्षको की लंबित राशि 2024 की शीघ्र भुगतान की जाए।

---

# जीवनदीप समिति की बैठक में समस्याओं की दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

ग्राम सिरसिदा (गुंडरदेही) के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में जीवनदीप समिति की बैठक संपन्न हुआ ,इस अवसर पर पुरुषोत्तम चंद्राकर जनपद अध्यक्ष के मुख्य अतिथि, अध्यक्षता सरस्वती इंद्रजीत चंद्राकर सरपंच ग्राम पंचायत सिरसीदा, एवं विशेष अतिथि जी आर शर्मा की सेवानिवृत स्वास्थ्य कर्मचारी एवं प्रभारी चिकित्सा सुश्री प्रतिभा पराते एवं स्वास्थ्य विभाग के समस्त कर्मचारियों की उपस्थिति में संपन्न हुआ जिसमें दूसरी पराते मैडम द्वारा नवीन सात बिस्तर कक्षा के आता निर्माण दवा खरीदी एवं अन्य आवश्यक मांगों को अध्यक्ष महोदय के समक्ष रखा गया अध्यक्ष महोदय द्वारा सभी मांगों पर सहानुभूति पूर्वक विचार कर उचित



कार्रवाई किए जाने की अनुशंसा की गई प्रभारी मैडम द्वारा सरपंच सरस्वती चंद्राकर से यह अनुरोध किया गया कि अस्पताल परिसर के अंतर्गत सामाजिक तत्वों का जमावड़ा रहता है उसे प्रतिबंधित किया जाए इस पर सरस्वती चंद्राकर द्वारा उचित कार्रवाई किए जाने की पुष्टि की गई।

---

# भगवान श्रीराम की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा में शामिल हुए ग्रामीण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

दुर्ग जिले ग्राम रिसामा में ग्रामवासियों ने मिलकर भगवान श्रीराम चंद्र की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा की और अभिषेक किया। यह एक महत्वपूर्ण धार्मिक अवसर था, जिसमें सभी ग्राम जनों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। मां शीतला मंदिर के समीप एक नवीन मंदिर में भगवान राम दरबार की मूर्ति की स्थापना की गई है। जिसमें भगवान राम, सीता, लक्ष्मण और हनुमान की मूर्तियों की स्थापना की गई। इस मंदिर में भगवान राम की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा का आयोजन किया गया। इस समारोह में, ग्रामवासियों ने मिलकर भगवान की मूर्ति का अभिषेक किया, जो कि



एक पवित्र और पारंपरिक क्रिया है। इस अवसर पर, गांव के लोग, विशेष रूप से महिलाएं, पारंपरिक वेशभूषा में शामिल हुईं और भजन-कीर्तन करते हुए उत्सव मनाया। यह आयोजन, भगवान राम के प्रति श्रद्धा और भक्ति का प्रतीक है। प्राण प्रतिष्ठा के बाद, गांव में एक उत्सव का माहौल था, जिसमें सभी ने मिलकर प्रसाद ग्रहण किया और भगवान राम का आशीर्वाद लिया। महिलाओं ने कलश यात्रा निकाली और श्रद्धालुओं ने गाजे-बाजे के साथ नगर भ्रमण किया। आचार्य पंडित महेन्द्र पांडे, पंडित चंदन पांडे द्वारा वैदिक मन्त्रोंचार कर मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा की गयी। पंडित महेन्द्र पांडे ने कहा कि यहां प्राण प्रतिष्ठा होने से सम्पूर्ण ग्रामवासी सहित पुरे क्षेत्र का कल्याण होगा। ग्रामीण जनों ने बताया यह बहुंत प्राचीन मंदिर थी। जर्जर होने के कारण इसे पूर्व मंत्री ताम्रध्वज साहू द्वारा धर्मस्व विभाग से नवीन मंदिर बनवाया गया है। आज मंदिर का पुनरनिर्माण कर मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा की गयी है। इस अवसर पर ग्राम के रामायण समिति, लीला मंडली सहित ग्राम वासी की संख्या में श्रद्धालु भक्त मौजूद थे।

---

# नेताम ने आंगनबाड़ी भवन का किया लोकार्पण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडी

आंगनबाड़ी भवन का लोकार्पण मंगलतराई में आंगनबाड़ी भवन बनाने की प्रशासकीय स्वीकृति वर्ष 2023 में मिली थी। दो वर्ष पश्चात बन कर तैयार होने पर शनिवार को विधिवत लोकार्पण जनपद उपाध्यक्ष एवं शिक्षा समिति के सभापति भोलाराम नेताम के द्वारा किया गया इस अवसर नेताम ने कहा कि आंगनबाड़ी कार्यकताओं को भवन के आसपास के वातावरण को स्वच्छ रखना चाहिए। बच्चों के लिए पोषण आहार, स्वास्थ्य जांच टीकाकरण आदि के साथ कुपोषित बच्चों पर विशेष ध्यान रखना चाहिए उन्होंने यह भी बताए कि डौंडी ब्लॉक में कुल 310 आंगनबाड़ी केंद्र संचालित है।



जिसमें 15 आंगनबाड़ी केन्द्र भवन विहीन है, ये किराए अथवा किसी प्राइवेट मकान में संचालित कर रहे है। वहीं अनेक भवन जर्जर स्थिति में है 34 भवनों में शौचालय नही है। इस संबंध में सीडीपी राजपूत ने बताया कि नवीन भवन हेतु प्रस्ताव शासन को भेजे दिये गये है। स्वीकृति मिलते ही निर्माण कार्य किया जायेगा। लोकार्पण समय सरपंच चंद्रिका सोरी,उप सरपंच चंदन सिह कुमेटी, सचिव नारद टेकाम ,सुपरवाइजर हीरो बाई साहू, फूलबासन बाई पंच सहित गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

---

### सहायक स्वास्थ्य अधिकारी कार्यभार से मुक्त

**दुर्ग।** नगरनिगम में पहली बार स्वास्थ्य विभाग प्रभारी के आलावा नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया था। जिसे महज डेढ माह के अंदर ही कार्यमुक्त कर दिया गया है। नगरनिगम में प्रोग्रामर पंकज चंद्रवंशी को स्वास्थ्य विभाग का अतिरिक्त नोडल अधिकारी का प्रभार दिया गया था, जिसे बुधवार को आयुक्त सुमीत अग्रवाल ने आदेश जारी कर कार्यमुक्त कर दिया है।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, खेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

**एकता व्यापारी संघ ने समस्याओं को लकर नपं अध्यक्ष को सौंपा ज्ञापन**

# निकाय कांप्लेक्स की छत से सीपेज, व्यापारी परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडी

एकता व्यापारी संघ डोंडी ने नगर के ज्वलंत समस्याओं के जल्द निवारण के लिए नगर पंचायत अधिकारी को ज्ञापन सौंपा है। जिसमे संघ के अध्यक्ष ओम गोलछा, उपाध्यक्ष अश्वनी जायसवाल, सचिव कमलेश गुणधर,सह सचिव अजय बाघमार, राजेन्द्र नाहर, पुनम कोठारी ने इस ज्ञापन के माध्यम से, व्यापारी संघ ने नगर की विभिन्न समस्याओं जैसे कि बिजली आपूर्ति, जलभराव, यातायात व्यवस्था, पुराने निकाय के कांप्लेक्स छत में हो रहे सीपेज के रोकथाम के उपाय करने और अन्य समस्याओं के समाधान की मांग की है।एकता व्यापारी संघ के अध्यक्ष ओम गोलछा ने कहा कि उनकी प्राथमिकता नगर के व्यापारियों की समस्याओं का समाधान करना है और वे इसके लिए निरंतर प्रयास करेंगे।ज्ञापन में व्यापारियों ने अधिकारी से जल्द से जल्द समस्याओं का समाधान करने का अनुरोध किया है।दिए ज्ञापन में मांग की है की डोंडी



मुख्य मार्ग मसियाभाटा से लेकर बस स्टैंड और मथाई चौक से बाजार चौक तक के खम्बो में लाइट बंद है मुख्य मार्ग कालेज से लेकर भर्रीटोला मोड़ तक सड़क किनारे गड्ढों से होने वाली असुविधा होने की व्यापारियों के समक्ष आने वाली कुछ समस्या की ओर आपका ध्यान आकर्षित करते है जिसमे की बस स्टैंड डौंडी से लेकर मसियाभाटा के खम्बे जिन्हे लगे हुए अभी 6 माह भी नहीं हुए है उनके लाइट बंद है और उसी प्रकार मथाई चौक से मथाई हॉस्पिटल होते हुए बाजार चौक तक के आधे से अधिक खम्बों की लाइटे बंद है । अत्यधिक खर्च कर सुविधा के नाम पर लगाये गए खम्बों से अगर सडको पर रौशनी न हो पाए तो उसका कोई अर्थ नहीं रह जाता ।बल्ब ,लाइट बदल कर या रख रखाव में आ रही अनियमितता या अन्य कोई समस्या हो तो उसका निवारण कर के व्यवस्था को दुरुस्त किया जाये।वहीँ कंगला मांझी कालेज, बस स्टैंड डौंडी से लेकर माथाई चौक बंधिया पारा तक मुख्य मार्ग नगर पंचायत क्षेत्र अंतर्गत सड़क किनारे बड़े बड़े गड्ढे है ,जिसे की बरसात के मौसम में पानी और किचड से भरे होने की वजह से पहली नजर में समझने में परेशानी होती है तथा उसमे फिसल कर गिरने की वजह से होने वाले हादसों की वजह से घायल होने तथा 2 पहिया वाहन में टूट फूट के लिए उपयुक्त प्रतीत होते है मुर्रुम या मिट्टी डाल कर गड्ढों को सड़क के बराबर समतल करने की कोशिश की जाये एवं रख रखाव में आ रही अनियमितता या अन्य कोई समस्या हो तो उसका निवारण कर के व्यवस्था को दुरुस्त किया जाये।

